nandgaon times march-01-2.qxd 2/28/2025 11:57 PM Page 1

आयुक्त ने की लोककर्म... पृष्ठ 2
कालेज के स्नेह सम्मेलन में नगर... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

शनिवार, 01 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 136, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की

**स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग के लिए पुख्ता तैयारी के दिए निर्देश, लंबित विद्युत देयकों का भुगतान प्राथमिकता से करने कहा, सभी नगरीय निकायों को 15 दिनों में सिटी डेव्हलपमेंट प्लान तैयार कर संचालनालय भेजने के निर्देश**

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ सभी नगरीय निकायों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित समिति कक्ष में आयोजित बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव के साथ नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक श्री आर. एक्का भी बैठक में मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में सभी नगरीय निकायों को केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अच्छी रैंकिंग हासिल करने के लिए पुख्ता तैयारी के निर्देश दिए। आगामी मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में सर्वेक्षण दलों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024, ओडीएफ एवं जीएफसी प्रमाणीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। श्री साव ने बैठक में सर्वेक्षण के दौरान मूल्यांकन के लिए प्रमुख दस मापदण्डों, 54 प्रमुख संकेतको एवं 166 सह-संकेतकों की जानकारी देते हुए सभी बिन्दुओं पर निकायों को वांछित तैयारियां रखने को कहा। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में



निकायों द्वारा अब तक की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। श्री साव ने नगरीय क्षेत्रों में दर्शनीय स्वच्छता के लिए सार्वजनिक व व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित सफाई, ट्विन-बिन्स की उपलब्धता, शत-प्रतिशत ठोस अपशिष्ट संग्रहण एवं परिवहन, सीटीयू/ब्लैक स्पॉट/जीवीपी से मुक्त शहर, बैक-लेन/नालियों एवं जल-स्त्रोतों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठकों में सभी नगरीय निकायों के स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के परिणामों की निकायवार समीक्षा करने की बात कही। निकायों के प्रदर्शन एवं रैंकिंग के विश्लेषण के बाद इसमें गिरावट पाए जाने पर राज्य शासन स्तर द्वारा कार्यवाही की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में निकायों में लंबित विद्युत देयकों के निपटान एवं 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यवाहियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को 15 दिनों में विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सिटी डेव्हलपमेंट प्लान तैयार कर संचालनालय भेजने को कहा। सुडा (स्थ) के सीईओ श्री शशांक पाण्डेय और नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक श्री पुलक भट्टाचार्य भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

## चराचर जगत में मॉ ही परमब्रम्ह परमात्मा का स्वरूप है: पंडित अर्पित भाई शर्मा



### संसार से मिलने वाला सुःख टेम्परेरी है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** परमब्रम्ह परमेश्वर की असीम कृपा होने से ही व भक्तों के शुभ मनोरथ होने पर श्रीमदभागवत कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। कथा मनुष्यों के कल्याण के लिये है। सभी कथायें व्यक्ति को गतार्थ स यथार्थ, श्रान्त से शांन्त की ओर एवं संसारी को कसारी की ओर ले जाती है। व्यक्ति के जीवन में किसी प्रकार के रस का स्वाद नही रहता, किसी प्रकल्प में विफल होने पर ग्रंथीयों का सार प्रयोजन से भटक जाता है, तब गतार्थ बोझ लगता है, वहीं कथा यथार्थ की ओर ले जाती है। श्रान्त वह है जो थक गया हो, संसार की एक समस्या खत्म होने पर दुसरी को हल करते हुये जीवन व्यतीत करता है। संसारीक प्रपंचों से पीडित हो जाता है। उसे कथा शांत बनाती है। वहीं संसारी से भी अपने जीवन को साधने वाले को कुछ हासिल नही होता ऐसे संसारी को कथा रूपी रस कंसारी अर्थात कंस जिसे अपना शत्रु समझता है ऐसे कृष्ण का बनाती है। उक्त उदगार आज यहां वृन्दावन धाम श्री अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ पर विराजित अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने व्यक्त किये।कथा प्रसंग को आगे बढाते हुये अर्पित भाई ने कहा कि कथा का क अक्षर रस को व्याख्यायित करने के लिये है जो संसार सिंधु से उबार कर रस रूपी संसार में ले जाता है, प्रभु कहते है कि जिनका चित्त मुझ में लगा है ऐसे भक्त को मृत्यु लोक मे मैं देरी किये बिना तार देता हुं। श्रीमद भागवत कथा भगवान का शब्द स्वरूप है यह रस सिंधु परमात्मा में स्थिर कर देती है। परम ब्रम्ह परमात्मा को बुलाना हो तो राधा-माधव, सीता-राम, गौरी-शंकर का ध्यान करना होता है। मातृ शक्ति के बिना परमात्मा का मिलन संभव नही है। चराचर जगत में मॉ ही परम ब्रम्ह परमात्मा का स्वरूप है अत: समस्त प्राणीयों को मॉ की पूजा सेवा सदैव करनी चाहिये। कथा माता चरित्र हमें गलतियों से अवगत कराती है। राधा-माधव, सीता-राम, दिखने में दो तत्व है किन्तु वास्तव में ये एक ही है। ग्रन्थ रूपी माता सदगुण रूपी अंलकार से अंलकृत कर करूणा रूपी श्रंगार करती है। हमारे प्रारब्ध कर्मो से कई दाग लग जाते है। जिसका आस्वादन कथा के माध्यम से होता है। पंडित अर्पित भाई ने कहा कि व्यक्ति को संसार से उबार कर रस सिंधु से अंलकृत करा दे वह कथा है। कथा प्रश्नों का उत्तर है। श्रीमद भगवत कथा परिक्षित के प्रश्नों का उत्तर है। वहीं भगवत गीता अर्जुन के प्रश्नों का उत्तर है। जिस प्रकार पान खाने से मुंह में



लालिमा कत्थें से आती है। उसी प्रकार जीवन में लालिमा कृष्ण रूपी रस का स्वादन करने से आती है। गोपी गीत में गोपियां कृष्ण से कहती है कि आप से तो आप की कथा अमृत के समान है। क्योकि जब आपकी इच्छा होगी तब आप प्रकट होगें जब इच्छा होगी अंर्तध्यान हो जायेगें। किन्तु कथा जब मन में सुनने की प्रबल इच्छा होगी तब सुनी जा सकती है। श्रीमद भागवत कथा कहती है कि तीनों पापों को हरने वाले श्री कृष्ण को हम प्रणाम करते है जो सत्य स्वरूप है, तीनों कालों में एक रस रूप है। झुठ हमेशा बदलता है सत्य स्थिर रहता है, परमात्मा सत्य स्वरूप है चित चेतना युक्त संवेदन है सदरूपी चेतन परमब्रम्ह परमात्मा संवेदनशील है इसीलिये सच्चिदानंद है। पैसा खुशियां दे सकता है नियत समय तक ही खुशीयां प्राप्त होगी, संसार से मिलने वाला सुख टेम्परेरी है वहीं कथा रूपी अमृत का पान जीवन को मोक्ष प्रदान करने वाला है परमेश्वर तीनों तापों से मुक्ति प्रदान करते है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 मार्च 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 मार्च को सुबह 10 बजे शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक दिग्विजय महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.40 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास के लिए आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 3.45 बजे से शाम 4.45 बजे तक विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में शामिल होंगे। शाम 5 बजे से शाम 6.30 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास के लिए आरक्षित रहेंगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 6.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### वीणा ने किया जेआरएफनेट पीएचडी क्वालीफाई

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** छोटे से ग्राम भनसुला अंबागढ़ चौकी की रहने वाली वीणा सिन्हा पिता कृष्ण लाल सिन्हा ने 2025 की परीक्षा जेआरएफ नेट पीएचडी क्वालीफाई की है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे परिवार व समाज में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है साथ ही शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी से एम ए हिंदी की टॉपर स्टूडेंट का पीडब्ल्यूडी कैटेगरी से जेआरएफ नेट व पी एचडी क्वालीफाई करने पर शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों ने इन्हें बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## युवक ने फांसी लगा मौत को गले लगाया

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 02 दंतेश्वरी पारा में नौजवान युवक के फांसी लगाने की खबर से वार्डवासियो सहित नगर में हड़कंप मच गया और लोग जानने के लिए उत्सुक थे कि आखिरकार पढ़े लिखे नौजवान ने किन कारणों से फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी. इस सवाल का जवाब इतना आसान नहीं है. हालाँकि पुलिस को मौका वारदात पर कोई सोसाईट नोट नहीं मिला है परंतु मामले को संज्ञान में लेकर मौत का कारण जानने की कोशिश की जा रही है. वहीं पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि परिजनों की रिपोर्ट पर मृतक नितेश कोटांगले पिता हरिराम कोटांगले निवासी वार्ड क्रमांक 02 दंतेश्वरी पारा बंशी किराना गली में घर के अंदर छत पर लगे रिंग में रस्सी के सहारे फन्दा लगा फांसी लगा लिया है कि सूचना पर मौका वारदात पर पहुँच मृतक को फंदे से उतार पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में लाया गया व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. जिसे देर शाम वार्डवासियो व परिजनों के सहयोग से अंतिम संस्कार किया गया. वंही पुलिस द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मर्ग कायम करते विवेचना में लिया गया है.






## महाकाल यात्रा में अघोरी व अखाड़े के साथ थिरके शिवभक्त

**हरियाणा व उड़ीसा के टोलियों की नयनाभिराम प्रस्तुति, महाकाल के बालस्वरूप रहे आकर्षण के केंद्र**





**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री महाकाल मित्र मंडल के तत्वावधान् में कल नगर में भव्य महाकाल यात्रा निकाली गई। यात्रा में हरियाणा व उड़ीसा से आये अघोरियों की टोली व अखाड़े के साथ नगर व अंचल के शिवभक्त जमकर थिरके। पूरी यात्रा के दौरान टोली में शामिल अघोरियों ने अनेक प्रकार के करतब दिखाये, जो लोगों के लिए आकर्षण के केन्द्र बिन्दु रहे। यात्रा में साथ चल रहे महाकाल के बालस्वरूप बच्चे भी खासे आकर्षित करते रहे। स्थानीय बीटीआई ग्राऊन्ड से महाकाल यात्रा का शुभारंभ हुआ। जो हनुमान मंदिर, किल्लापारा, सदर लाईन, फौव्वारा चौक, मुख्य मार्ग, पुराना बस स्टैण्ड होते हुए सेजेस स्कूल पहुंचा। यात्रा में नगर की महिलाओं व युवतियों ने भी हिस्सा लेकर आयोजन को भव्यता प्रदान की। इस दरम्यान अघोरी व अखाड़े सहित महाकाल के बाल स्वरूपों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। बारात में बाबा महाकाल की झांकी के साथ आदिवासी नृत्य, डीजे, बैंड पार्टी, मनोरम



झांकी सहित शिव के भूत पिशाच सहित नगरवासी सम्मिलित थे। इस दौरान उड़ीसा के सम्बलपुरिया बाजे ने खूब शमां बांधा। यात्रा का समापन सेजेस स्कूल में हुआ, जहां पर शिव पार्वती के विवाह की झांकी का भव्य प्रदर्शन किया गया। विवाह के बाद शिव पार्वती पर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की। यहां पर महाकाल भक्तों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी।

**शिव मंदिरों में दिन भर चला पूजा अर्चना का दौर**

नगर सहित अंचल के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से रात चल पूजा अर्चना का दौर चला। अनेक शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। जो समय के साथ बढ़ते ही चली गई। जिसे देखो वही माथे पर त्रिपुण्ड का टिका लगाये शिवालयों में साधना भक्ति में लीन दिखा। नगर के मटिया चौक स्थित श्री जितेन्द्रिय महादेव मंदिर, किल्लाडोंगरी के समीप स्थित शिवशक्ति कुंज, मटिया,सेवतापारा स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, स्थानीय गायत्री मंदिर में प्रतिस्थापित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चारों पहर की पूजा संपन्न हुई। अंचल में पूरे चौबीसों घंटे भक्ति पूजा का दौर चलता रहा। साथ ही देर रात्रि तक महाप्रसादी भोजन भंडारा का आयोजन भी किया गया।

## ग्राम पंचायत डिलापहरी मे 3 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो गया है चुनाव संपन्न होने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह होना है।इसी कड़ी में ग्राम पंचायत डिलापहरी में 3 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव होंगे।नवनिर्वाचित सरपंच गोविंद वर्मा ने बताया की शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ग्रहण 11बजे ग्राम पंचायत भवन में एवं प्रतिभोज शाम 5 बजे सरपंच निवास में रखा गया है।शपथ ग्रहण समारोह में सुनिता लाउत्रे, रेखा बाई साहू, बिसरु साहू, सकुन वर्मा, तीजन बाई पुराम,सरस्वती वर्मा, मुनेश्वर नेताम, तिजेश्वर, दिनेश वर्मा, रीना पाटल,अमीन बाई वर्मा, उमेश कुमार वर्मा, छात्र कुमार वर्मा,हिमांशु वर्मा, गंगा वर्मा, ननकी बाई वर्मा पंचगण सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## मुसराकला में नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री टेम्भुरकर ने मतदाताओ का आभार जताया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी को संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत मुसराकला से सरपंच पद उम्मीदवार पर सरल,सौम्य,मिलनसार, जुझारू, योग्य प्रत्याशी श्रीमती गायत्री टेम्भुरकर ने विजय श्री हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुई।महाशिवरात्रि पर्व के दिन आभार रैली निकाल कर श्रीमती गायत्री टेम्भुरकर नवनिर्वाचित सरपंच ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके विश्वास की जीत ग्राम के विकास की जीत,ग्राम पंचायत मुसरा कला एवं मुसराखुर्द के ग्राम वासियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने आगे कहा कि सरपंच के रूप में निर्वाचित होना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है लेकिन यह जीत केवल मेरी नहीं बल्कि हम सब की है यह विजय आप सभी के अटुट विश्वास और सहयोग और समर्थन की बदौलत संभव हुई है।



## जर्जर पोल को हटाकर नया पोल लगाया गया, नागरिकों में हर्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गौरी नगर वार्ड क्रमांक 13 स्थित महादेव नगर में लक्ष्मण यादव के घर के पहले लोहे का पोल कई वर्षों से जंग लगकर सड़ जाने के कारण कभी भी गिरने की संभावना थी। जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। जिसे देखते हुए नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद हफीज खान व पूर्व पार्षद समद खान ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उक्त जर्जर पोल को हटाकर वहां पर नया पोल लगाया गया। जिससे वहां के रहने वाले निवासरत नागरिकों ने वरिष्ठ पार्षद हफीज खान व पूर्व पार्षद समद खान का आभार व्यक्त किया।



## सीआरसी द्वारा जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगांव परिसर में निकाली गई सुगम्य यात्रा जागरूकता रैली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सीआरसी ठाकुरटोला द्वारा जिला



अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगांव परिसर में सुगम्य यात्रा जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। रैली में स्लोगन व नारे के माध्यम से नागरिकों को सुगम्य भारत से संबंधित जानकारी दी गई। रैली में सीआरसी के सभी दिव्यांगजन, दिव्यांगों के माता-पिता, मेडिकल बोर्ड स्टाफ व जिला अस्पताल बसंतपुर में उपस्थित दिव्यांगजन एवं सीआरसी के छात्र व छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से सभी दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने् के लिए सभी क्षेत्रों में बाधा रहित वातावरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे सभी सशक्त होकर कार्य कर सकें। साथ ही सभी मिलकर जीवनयापन कर सके। सीआरसी से मेघा दुबे, गजेंद्र कुमार साहू, पुनीत साहू, रवि कुमार, राहुल कुमार, गजेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे।

**शुभांक**

**2-7-8**

**270-9 337-3**

**भाग्यांक**

**379-9 250-7**


### कार्यालय अस्पताल अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक

**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्र. /अस्प.अधी./क्रय/2025/1559 राजनांदगांव दिनांक 25/02/2025

**।। तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में ÷किशोरी स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं÷ के माध्यम से 5,000 स्कूली किशोरियों (11-18 वर्ष) को प्रशिक्षित करने परियोजना के लिए साफ्टवेयर तैयार किये जाने एवं स्रूस् व् वाइस सूचना भेजने के लिए हेतु अनुभवी निविदाकारों से मुहर बंद निविदायें पंजीकृत डाक /स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है। जिसका नियम शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10.30 बजे से शाम 05.00 बजे तक भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के मुख्य भंडार से किया जा सकता है।

01. **निविदा प्रपत्र मूल्य** - 1000.00 रुपया (वापसी अयोग्य)
02. **निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि** - 03.03.2025 सुबह 10.30 बजे से
03. **निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि** - 12.03.2025 शाम 05.00 बजे तक
04. **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि** - 13.03.2025 शाम 03.00 बजे तक
05. **निविदा खोले जाने की तिथि** - 13.03.2025 शाम 04.00 बजे से

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

**अस्पताल अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध**
**चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग)**

जी -242505606/3.


# आयुक्त ने की लोककर्म विभाग की समीक्षा

## निर्माण कार्य चालू कराकर चलित कार्य में तेजी लाकर पूर्ण कराने अधिकारियों को दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा की और कहा कि डामरीकरण व पेचवर्क के शेष कार्य जल्द पूर्ण करे, शेष कार्य चालू कराये तथा वार्डो में चल रहे कार्य मे तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुये गाईड लाईन के आधार पर टीम भावना के साथ कार्य करने कहा।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आदर्श आचार सहिता समाप्त हो चुकी है। अब सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराये तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी निर्माण कार्यो की जानकारी समय समय पर ली जाती है तथा सभी कार्य चालू कर चालू कार्य में प्रगति लाने कहा गया है। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डवार निर्माण कायो की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरे कार्य किये गये है और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू करावे नही करने की स्थिति में नोटिस



जारी करे। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यो की चरणबद्ध बिलिंग करे, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारो ने मरम्मत कार्य चालू नही किया है उन्हे तत्काल चालू करने कहे, चालू कार्य में प्रगति लावे। सभी शौचालयों में एक जैसे रंग रोगन करावे। उन्होंने एसएलआरएम सेन्टर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि आगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, उसके पूर्व एसएलआरएम सेन्टर एवं शौचालय मरम्मत कार्य करावे। सभी कार्यो की सूची तैयार करे, सूची अनुसार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराये। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओ एवं कार्यवालन अभियंताओ से भी अपने अपने प्रभारित वार्ड के उप अभियंताओ से कार्यो की जानकारी लेकर मानिटरिंग करे कहा। किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल निराकरण करे। आयुक्त ने आगामी माह में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में कहा कि सभी अधिकारी शासन की गाईड लाईन के अनुसार कार्यो का निष्पादन करेंगे। सार्वजनिक स्थानों में गिला व सुखा कचरा के लिये अलग अलग डस्टबिन लगायेगे, वाल पेंटींग करा स्वच्छता का संदेश लिखे। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पर फिडबेक लेवे, जी.वी.पी. पाईट कम करे। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये शासन द्वारा जारी माप दण्ड अनुसार सभी को टीम भावना से कार्य करना है। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, श्री संजय वर्मा व श्री दीपक खांडे, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व श्री वसीम खान सहित उप अभियतागण उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विज्ञान दिवस का आयोजन



**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव में 28 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहिनों के द्वारा विज्ञान से संबंधि विभिन्न मॉडल, विज्ञान प्रश्नमंच तथा भारतीय वैज्ञानिकों के संबंध में विचार प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदय राम पटेल, अध्यक्षता सोहन यदु, विशिष्ट अतिथि शांति निर्मलकर युगल किशोर ठाकुर उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना सत्र के साथ किया गया । तत्पश्चात् विज्ञान संकाय के आचार्य नेमदास साहू, केशव पटेल, कु. हेमा साहू, कु. चन्द्रिका साहू, कु. राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में विद्यालय के भैया-बहिनों द्वारा निर्माण किये गये विज्ञान से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक मॉडल का निरीक्षण किया गया । साथ ही विद्यालय स्तर पर विज्ञान बौद्धिक प्रश्नमंच का आयोजन हुआ । सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगाँव में विज्ञान संकाय से संबंधित प्रायोगिक कार्यों के साथ शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है । विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के आचार्य हृदय राम पटेल ने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान के द्वारा ही आज पूरा विश्व विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है । हमें भी विज्ञान की दिशा में नई सोच के साथ शैक्षणिक कार्यों में अग्रसर होना है । विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र वैष्णव ने विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी भैया बहिनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आचार्य, दीदीयों का सराहनीय सहयोग रहा ।

## भोथीपारकला में पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला विकासखण्ड राजनांदगांव में पांचवीं के बच्चों को 1 ली



से 4 थी तक के बच्चों ने विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जीवन लाल साहू वरिष्ठ नागरिक थे और अध्यक्षता श्री गजाधर साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री महेश्वर दास साहू, संचालक, धरती के सिंगार भोथीपारकला, देवकरण साहू, श्रीमती निर्मला साहू, श्रीमती ममता साहू की उपस्थिति रही। पांचवी के बच्चों का गुलदस्ता और पेन भेंट कर स्वागत किया गया वहीं पांचवीं के बच्चों ने प्रधान पाठक श्री गजाधर साहू, ओमप्रकाश साहू सहायक शिक्षक श्रीफल,पेन और महापुरुष की तस्वीर भेंट की। शाला के प्रधानमंत्री तान्या साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत की। इस अवसर पर श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती ललती साहू, सुश्री अमिषा साहू सहित छात्रों की उपस्थिति रही। विदाई कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश साहू ने किया।

# अंजू ने अध्यक्ष बनने के बाद साल भर की समस्या को तत्काल निदान दिलाई

**व्यय रजिस्टर में हर दिन के खर्च का रखना होगा हिसाब**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय क्षेत्र के पुराने बस स्टैण्ड के रहवासी, दुकानदार एवं यात्रीगण पेयजल के लिए पिछले साल भर से काफी परेशान रहे हैं. जिसे वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद शहर के पुराना बस स्टैंड में प्याऊ घर को तत्काल शुरू करा दिया है यह प्याऊ घर पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ा था। जिसे सुधरवाने की फुरसत ना तो तत्कालीन पदाधिकारियों को थी और ना ही अधिकारियों को. पुराने बस स्टैंड में बने प्याऊ घर से व्यवसायियों और यात्रियों को काफी राहत मिलती थी, लेकिन सडक् चौड़ीकरण के नाम पर इस प्याऊ को नगर पंचायत व्दारा ही बंद कर दिया गया था जबकि इस स्थल पर सडक् का कोई भी भाग नहीं आ रहा है और न ही बीते दो वर्षों से सडक् निर्माण संबंधी कोई भी कार्य किया गया है. अपितु उक्त प्याऊ को बंद करने से राहगीरों सहित क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा था जिसकी शिकायत बीते वर्ष भर से हो रही थी परन्तु अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी. सोमवार की सुबह पुराने बस स्टैण्ड की समस्याओं को समझने निकली नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी को अन्य परेशानियों के साथ ही इस क्षेत्र में पेयजल को लेकर संकट के विषय में जानकारी मिली. हॉलाकि यह प्याऊ काफी जर्जर अवस्था में है और इसे हटाया जाना है किन्तु आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए मात्र एक दिन में ही यहाँ नल कनेक्शन और टंकी लगाकर पानी की अस्थायी व्यवस्था कर दी गई है. इसके लिए बस स्टैण्ड के रहवासीयो ने अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी और नगर प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं. पुराने बस स्टैण्ड में पेयजल को लेकर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और मूत्रालय घर के समीप लगे नल से पेयजल लेने मजबूर थे. ऐसे में नगर पंचायत की अस्थायी रूप प्रारंभ किये गए इस प्याऊ को लेकर सभी हर्षित हैं. इसी तरह यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय को लेकर भी शीघ्र ही अस्थायी व्यवस्था करने की बात अध्यक्ष व्दारा की गई है.

# कैलाश धाम शांति नगर चिखली में जस एवं झांकी प्रतियोगिता



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कैलाश धाम दुर्गा मंदिर ढाबा रोड शांति नगर चिखली में दो दिवसीय देवी जस एवं झांकी प्रतियोगिता 26 एवं 27 फरवरी को आयोजन किया गया। जिसमें विशेष पुरस्कार महिला वर्ग प्रथम पुरस्कार 2500 द्वितीय पुरस्कार 2200 तृतीय पुरस्कार 2000 इस प्रकार पुरुष वर्ग प्रथम पुरस्कार 3000 द्वितीय पुरस्कार 2500 एवं तृतीय पुरस्कार 2200 झांकी पुरस्कार प्रथम 3500 रुपया द्वितीय पुरस्कार 2500 तृतीय पुरस्कार 2300 रखा गया है जिसमें जस गीत एवं झांकी के माध्यम से अपनी अपनी प्रस्तुति दी गई जस गीत एवं झांकी देखने काफी संख्या में महिला एवं पुरुष की भीड़ रही जिसमें आयोजित समिति का बड़ा योगदान रहा समिति के संरक्षक श्री शिव वर्मा पार्षद वार्ड नंबर 10 श्री सुनील साहू पार्षद वार्ड नंबर 6 श्री अरविंद वर्मा पूर्व पार्षद हुडुहुह निषाद मंच संचालक देवेश साहू गुरुजी आयोजित समिति के अध्यक्ष मोहन नेताम ,जी उपाध्यक्ष प्रमोद सोनटेके ,कोषाध्यक्ष मुकेश निषाद ,सचिव बहादुर रजक , उमेंद्र सिंह ,देवेश वैष्णव ,सुरेश डेकाटे, ललित नायडू, सदस्य गण सुखराम रजक , थानवर निषाद, शशि गंधर्व ,किरण गंधर्व ,कौशल साहू , किशोर निषाद ,पुनाराम ,दीपक सिंह लेखू पटेल एवं समस्त मोहल्ले वासी एवं वार्ड वासी यह जानकारी तुलाराम नंदनवार द्वारा दी गई।

# छुरिया जनपद में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी

## जनपद में 5 मार्च को होगा चुनाव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2025 का परिणाम आने के बाद जनपद पंचायत छुरिया के 25 जनपद क्षेत्रों में जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जिसका आज गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी कर दी है । जहां पांच मार्च को चुनाव सम्पन्न होना है । मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत छुरिया में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी कर दी है । पांच मार्च को जनपद पंचायत में इस पद का चुनाव होना है । चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ होरी लाल साहू को नियुक्त किया है




। जिनकी उपस्थिति में पांच मार्च को निर्धारित समय प्रात: 11 बजे से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र लिया जायेगा । तत्पश्चात इसकी समीक्षा की जायेगी । वहीं नाम वापसी के बाद सबसे पहले जनपद अध्यक्ष का चुनाव होना है उसके बाद जनपद उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जायेगा । फिर चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी ।

**भाजपा के पास बहुमत, कांग्रेस में प्रत्याशी की तलाश**

जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा ने जहां 25 जनपद क्षेत्रों में 19 जनपद सदस्यों को अधिकृत कर चुनाव मैदान में उतारा था जिसमें से अधिकांश भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चुनाव जीते है। वहीं इस चुनाव के प्रभारी पूर्व मंत्री स्व.रजिन्दरपाल सिंह भाटिया के सुपुत्र जगजीत सिंह भाटिया लकी ने कमान संभाला हुआ था । चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष के समक्ष सभी विजयी जनपद सदस्यों को रूबरू कराया था । वहीं उनका दावा है कि इस बार जनपद चुनाव में भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है और जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ही चुनाव जीतकर अपना कब्जा बरकरार रखेंगे । वहीं जनपद सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी में अधिक दावेदार होने से असमंजस की स्थिति एवं गुटबाजी होने से चुनाव प्रसार के अंतिम समय तक अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई जिसका नुकसान कांग्रेस पार्टी को इस चुनाव में उठाना पड़ा । चुनाव नतीजे के बाद गिनती के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अपने दम पर चुनाव जीतने में कामयाब हुए । इधर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव का अधिसूचना जारी एवं पांच मार्च को इस पद का चुनाव होना है ।

## निर्विरोध जीती पंच ने समाजसेवा के लिए की पहल

**कोनारी ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत कोनारी के वार्ड क्रमांक 6 से निर्विरोध चुनी गई श्रीमती राजकुमारी निर्मलकर ने



अपने वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने मानदेय को वार्ड विकास में खर्च करने का संकल्प लिया है। राजकुमारी जी ने वार्ड की समस्याओं, जैसे पेयजल, नाली सफाई, नाली निर्माण, और वृक्षारोपण, को पंचायत और जनपद स्तर पर उठाने का वादा किया है। साथ ही, उन्होंने 24 घंटे वार्डवासियों के साथ खड़े रहने और उनके सुख-दुख में सहभागी बनने का आश्वासन दिया है। उनका यह कदम समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व की दिशा में प्रेरणास्पद है।

nandgaon times march-01-2.qxd 2/28/2025 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) जीजी टाऊ ए प्रणाली क्या है जो हाल ही में खबरों में थी?*
*2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का आयोजन होगा?*
*3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?*
*4) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?*
*5) हाल ही में उत्तरी कश्मीर में देखी गई मार्कहोर बकरी किस देश का राष्ट्रीय पशु है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) त्रिस्तरीय तारा प्रणाली (2) लद्दाख (3) डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी (4) उत्तराखंड (5) पाकिस्तान

# कालेज के स्नेह सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा 3 लाख की घोषणा



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के एकमात्र शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीते दिनों वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुए उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पदक से अलंकृत किया। इस दौरान उन्होंने कालेज में संसाधनों के विस्तार के लिए जनभागीदारी सदस्यों के अनुरोध पर अध्यक्ष निधि से 3 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कालेज परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अपने उदबोधन में कहा कि शिक्षा ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास की रीढ़ है, इसलिए विद्यार्थियों को बेहतर लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और परिश्रम के बल पर नया मुकाम हासिल करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पूर्व में कतिपय सामाजिक कार्यों के दौरान उन्हें कालेज आने का मौका मिला था, इस दौरान वे स्टॉफ व छात्र छात्राओं से भी मिल चुकी हैं। लेकिन अब नगर पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होकर यहां आना उनके लिए गौरव की बात है। कॉलेज में आवश्यक संसाधनों के विस्तार के लिए उन्होनें अपनी निधि से 3 लाख रु. भी देने की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि समाजसेवी दिनेश गांधी ने विद्यार्थियों को नगर में कॉलेज की सुविधा के लिए नागरिक संघर्ष समिति के द्वारा वर्ष 1983 में किये गये आंदोलन की जानकारी देते हुए बताया कि वे आंदोलन में शामिल थे। यहां पर कॉलेज खुलना नागरिका संघर्ष समिति के आंदोलन का ही परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस कॉलेज में अनेकों मूर्धन्य और ख्यातिलब्ध व्यक्तियों ने शिक्षा ग्रहण की है। इनमें उनके भाई प्रदीप गांधी भी है, जिन्होनें यहां से शिक्षा ग्रहण कर बाद में फिर जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक फिर सांसद भी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। पश्चात् प्राचार्य बीएन मेश्राम ने कॉलेज का प्रतिवेदन तथा जनभागीदारी समति के अध्यक्ष योगेश पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर नगर के समाजसेवियों द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दिये जाने वाले पदक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, संतोष यादव, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, कोमल साहू, पदमनी ठाकुर, निर्मला मालेकर, गायत्री यादव, जनभागीदारी समिति सदस्य बालकृष्ण सिन्हा, मनोज हेमनानी, महेश्वर साहू, गोविन्दा राजपूत, नवनीत अहीर, गिरिजा शंकर उइके, राजूगिरी गोस्वामी, गौरव यदु सहित जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, कालेज के समस्त प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष व 24 वार्डो के पार्षदों का शपथ ग्रहण 06 मार्च को.

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।-** नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ आम निर्वाचन 2025 के पश्चात प्रथम सम्मेलन आयोजित कार्यक्रम के तहत नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान, उपाध्यक्ष का एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं शपथ हेतु प्रथम सम्मिलन का आयोजन दिनांक 06 मार्च 2025 को प्रात: 10:00 बजे स्थान छोटी मॉ बम्लेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ में किया जाना है तथा दोपहर 02:00 बजे से उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन स्थान नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ में किया जायेंगा।

## देव के देव महादेव : रोशनी योगेन्द्र वैष्णव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम मलपुरी में जय बाई माता एवं महादेव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी 27 फरवरी को दो दिवसीय मंडई मेला महोत्सव आयोजन किया गया जय बाई माता एवं महादेव पुजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया जिसमें श्री तुलसी साहित्य मानस परिवार सुरगी लोक सांस्कृतिक संध्या हमर सोन चिरईया मुड़पार हरिहर जस झांकी फाग परिवार झंडा तालाब राधा कृष्ण राऊत नाच पार्टी मलपुरी आयोजन किया गया समापन समारोह मुख्य अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव अध्यक्षता रोशनी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव विशेष अतिथि गौरी पटेल सरपंच धामनसरा नारायण ठाकुर होमन नेताम अतिथि के बेंच तिलक लगाकर स्वागत किया गया। योगेन्द्र दास वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान भोलेनाथ महाशिवरात्रि अवसर आयोजन में आस पास श्रद्धालु बड चढ़ आयोजन मे आते हैं आने वाले समय में सभी श्रद्धालु के लिए सुविधा पूर्ण करने हम सब जिम्मेदारी है सत्य ईश्वर है। शिव सत्य तथा सफल आयोजन के लिए समिति तथा ग्रामवासियों धन्यवाद दिया।



## श्रीमद भागवत महापुराण कथा सप्ताह



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा में अनेक माता बहने एवं बंधु सम्मिलित हुए, भव्य रथ पर भगवताचार्य पूज्य अर्पित भाई शर्मा विराजमान थे। कलश यात्रा के अग्र भाग में मुख्य यजमान स्वाति राहुल अग्रवाल श्रीमद् भागवत महापुराण पोथी एवं लड्डूगोपल जी को अपने शीश पर धारण कर चल रहे थे।

## तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी को पद से हटाने पूर्व सांसद से की मांग

**राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** अभी हुवे त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य व जनपद सदस्य को हराने मे भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज 20 से भी ज्यादा की संख्या मे पहुंचकर राजनांदगाव के पूर्व सांसद से तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर की शिकायत करते हुवे कहा की भाजपा अधिकृत प्रत्याशीयो को हराने मे व बागियो को जिताने मे कोई कमी नहीं की है। बताया गया की मंडल अध्यक्ष परदेशी कार्यकर्ताओ से बोला गया है की यदि तुम मंडल अध्यक्ष की बात नहीं मानोगे तो तुम्हे मंडल के कोई भी कार्यक्रम मे नहीं बुलाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर बागी प्रत्यासी शीला टाकेश सिन्हा व साकेत वैष्णव के घर सुबह शाम बैठकर भाजपा प्रत्याशीयो के कार्यक्रम की एक एक खबर बताते रहे। कुछ कहने पर परदेशी सोनबोइर सांसद संतोष पाण्डेय का धौंस दिखाते है। यह भी खबर है की जनपद के टिकट वितरण व सोसायटी अध्यक्ष के लिए परदेशी ने बड़ी लम्बी रकम ली है जिसका खुलासा बहुत जल्द होगा। यदि समय रहते तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर को अध्यक्ष पद व पार्टी से नहीं निकालता तो आगे विधानसभा लोकसभा चुनाव मे पार्टी को इसका खामयाजा भुगतना पड़ेगा। ग्राम के लोगो ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को परदेशी सोनबोइर के भीतरघाती की जानकारी दी।

## निधन

**श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्च माध्यमिक शाला की पूर्व शिक्षिका श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव (83) का आज निधन हो गया। वे स्व. नंद कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी थीं। आज (01 मार्च) सुबह 10 बजे निकलेगी अंतिम यात्रा स्व. श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव न्यायालय कर्मचारी शैलेश, अखिलेश श्रीवास्तव और डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव (प्राचार्य, रूंगटा कॉलेज, भिलाई) की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे ब्राह्मणपारा स्थित निवास से निकलेगी।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध बी.बी.ए पंचम सेमेस्टर में एलीगेंट कॉलेज का परिणाम





**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** शहर में स्थित जानी मानी संस्था एलीगेंट कॉलेज में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें तीन छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत् बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर दिसम्बर-जनवरी 2024-25 के परिणाम अच्छे रहे। दिसम्बर 2024-25 में आयोजित बी.बी.ए पंचम सेमेस्टर में आर्ची अग्रवाल ने 66 % अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रही इसी प्रकार ऋषभ मिश्रा ने 65% अंक अर्जित कर द्वितीय एवं आर्यन वासनिक ने 64.5% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।
इस प्रकार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी.बी.ए.पंचम सेमेस्टर में एलीगेट कॉलेज का शानदार परिणाम रहा इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन राजेश खण्डेलवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनांए दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है व संचालको ने इस सफलता का श्रेय प्रचार्य अशोक जोशी के कुशल नेतृत्व एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। सफल छात्र/छात्राओं के संबंध में मानना है की संस्था ने जिस बेहतर तरीके से उन्हे विभिन्न विषयों पर परामर्श एवं स्टडी मटेरियल प्राप्त हुये थे वे उनके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हुए साथ ही समय-समय पर परीक्षा की तैयारी हेतु लिए गये यूनिट एवं मॉडल पेपर का विषेश लाभ उन्हे मिला है।

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया की दवा खाकर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में स्वयं फाइलेरिया की दवा खाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड में 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड के नागरिकों से घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करने की अपील की है। उन्होंने दवा खाने से मना करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सहायता करने कहा है। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, कर्मचारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने फाईलेरिया रोग से बचाव हेतु फाईलेरिया की दवा खाई। इस अवसर पर डोंगरगढ़ में नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, नव निर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायात अछोली श्री नन्द कुमार साहू, श्री जसमीत सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, तहसीलदार डोंगरगढ़ श्री मुकेश ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बंशी लाल तुलावी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी पी एक्का, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार श्रीमती संगीता पाण्डेय एवं श्री राजेश गायकवाड, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुक्ता खूजूर, मलेरिया सुपरवाईजर श्रीमती स्वाति बक्शी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाया गया अभियान, 263 बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली गई 38 लाख 64 हजार की बकाया राशि, 56 बकायादारों के काटे गए बिजली कनेक्शन



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 56 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 263 बकायादार उपभोक्ताओं से 38 लाख 64 हजार रूपए की राशि वसूल की गई। गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री पी. सी. साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 56 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 3 लाख 11 हजार रुपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं तथा 263 बकायादार उपभोक्ताओं से 38 लाख 64 हजार रुपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य शासन की हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ भी नही मिल पायेगा। क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वत: अपात्र हो जायेंगें। राजस्व वसूली के लिए तैनात अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारे में जानकारी भी दी जा रही है।

## धर्म समाचार....

# कब है फाल्गुन पूर्णिमा? नोट करें शुभ मुहूर्त और पूजा विधि



धार्मिक मत है कि फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक के जीवन में नया सवेरा होगा। साथ ही भगवान नारायण की कृपा से सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। पूर्णिमा तिथि पर श्रीसत्यनारायण देव की भी पूजा की जाती है। इस दिन आत्मा के कारक सूर्य देव भी राशि परिवर्तन करेंगे। पूर्णिमा तिथि का सनातन धर्म में खास महत्व है। इस शुभ तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु पूजा की जाती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि के लिए श्रीसत्यनारायण पूजा का आयोजन किया जाता है। धार्मिक मत है कि भगवान विष्णु की पूजा करने से दरिद्रता दूर हो जाती है। साथ ही आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। आइए, फाल्गुन पूर्णिमा के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**फाल्गुन पूर्णिमा शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होगी और 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है। इस प्रकार 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा का व्रत रखा जाएगा। वहीं, 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा मनाई जाएगी। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होली मनाई जाती है।

**चंद्र ग्रहण 2025**

ज्योतिषियों की मानें तो फाल्गुन पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण का साया पड़ने वाला है। हालांकि, चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसके लिए सूतक भी लागू नहीं होगा। इसके बावजूद चंद्र ग्रहण के दौरान शुभ काम न करें। इसके साथ ही चंद्र ग्रहण के दौरान भगवान विष्णु का ध्यान अवश्य करें। वहीं, ग्रहण के बाद स्नान-ध्यान के बाद भगवान विष्णु की पूजा करें। वहीं, पूजा के बाद दान अवश्य करें।




**पूजा विधि**

फाल्गुन पूर्णिमा के दिन ब्रह्म बेला में उठकर सबसे पहले लक्ष्मी नारायण जी को प्रणाम करें। इसके बाद घर की साफ-सफाई करें। दैनिक कामों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। अगर सुविधा है, तो गंगा नदी में स्नान-ध्यान करें। इस समय आचमन कर स्वयं को शुद्ध करें और सूर्य देव को जल अर्पित करें। इसके बाद पंचोपचार कर भक्ति भाव से श्री सत्यनारायण जी की पूजा करें। इस समय सत्यनारायण व्रत कथा का पाठ करें। पूजा के समय भगवान विष्णु को पीले रंग के फल और फूल अर्पित करें। पूजा का समापन भगवान विष्णु की आरती से करें।

## मार्च महीने में सूर्य देव बदलेंगे अपनी चाल, इन राशियों का होगा भाग्योदय

ज्योतिष करियर में सफलता पाने के लिए सूर्य देव की पूजा करने की सलाह देते हैं। सूर्य देव की पूजा करने से आरोग्यता (अच्छी सेहत) का वरदान मिलता है।




सूर्य देव की कृपा मेष राशि के जातकों पर बरसती है। आत्मा के कारक सूर्य देव की कृपा से मेष राशि के जातक अपने जीवन में बेहतर करते हैं। मार्च का महीना कई राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है। इस महीने में सूर्य देव राशि परिवर्तन करेंगे। आत्मा के कारक सूर्य देव फाल्गुन पूर्णिमा पर राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य देव के राशि परिवर्तन (स्स्नह्व4ड्ड ञ्शष्द्धड्डह्म् 2025) करने से कई राशि के जातकों के जीवन में नया सवेरा होगा। आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं-

**सूर्य गोचर 2025-** आत्मा के कारक सूर्य देव वर्तमान समय में कुंभ राशि में विराजमान हैं। इस राशि में सूर्य देव 13 मार्च तक रहेंगे। इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को सूर्य देव मीन राशि में गोचर करेंगे। इस दिन मीन संक्रांति मनाई जाएगी। मीन संक्रांति के दिन से खरमास शुरू होगा। इसके लिए मीन संक्रांति के दिन से सभी प्रकार के शुभ काम पर प्रतिबंध लग जाएगा। मीन राशि में गोचर के दौरान 18 मार्च को उत्तर भाद्रपद नक्षत्र और 31 मार्च को रेवती नक्षत्र में गोचर करेंगे।

**वृषभ राशि**

आत्मा के कारक सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने से वृषभ राशि के जातकों को धन लाभ होगा। करियर और कारोबार को नया आयाम मिलेगा। निवेश के लिए उत्तम समय है। निवेश करने से लाभ होगा। आप कारोबार में निवेश कर सकते हैं। इसके लिए घर के बड़े-वृद्ध से अवश्य सलाह लें। धन अर्जित करने में आप सफल होंगे। घर के बड़े लोगों का साथ मिलेगा। देवगुरु बृहस्पति की कृपा से पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वहीं, शुक्र देव की कृपा से सुखों में वृद्धि होगी। अटके काम बनेंगे।

nandgaon times   march-01-2.qxd   2/28/2025   11:57 PM   Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैंकिंग सुविधाओं का लाभ : कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा सह संवादात्मक सत्र का हुआ आयोजन, नई तकनीक व डिजिटल पेंमेंट होने के कारण वित्तीय लेनदेन में हुई बढ़ोत्तरी




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा सह संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार श्री रितेश पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी श्री मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि जिम्मेदारी से दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करें। बैंक का कार्य जनसामान्य के वित्तीय लेन-देन पर आधारित होता है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं मजबूत अर्थव्यवस्था है। वित्तीय लेन-देन के डिजिटल होने के कारण तथा छोटी दुकानों में भी नवीनतम तकनीक पेटीएम, फोन-पे, रूपे कार्ड जैसे डिजिटल फार्म को अपनाने के कारण वित्तीय लेन-देन में बढ़ोत्तरी हुई है और वे बैंक से जुड़ गये हैं। छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले ठेले, खोमचे, सब्जीवाले व्यवसायी पात्र उपभोक्ता होते हैं, जिन्हें ऋण दिया जा सकता है। वे समय पर अपना ऋण चुकाते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार तथा निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए ऋण देने से बहुत लाभ होता है। उन्होंने कहा कि बैंक के आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान देने हुए



कार्य करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना अंतर्गत ऋण देने से टर्न ओव्हर बढ़ा है। भारत सरकार के विजन के अनुरूप जनसामान्य के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में सभी को कार्य करना है। नीतियों तथा तकनीक के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। नीतियों को क्रियान्वित करने के लिए जिला प्रशासन स्तर पर सभी अधिकारी सक्रियता से कार्य करेंगे, तो लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए सभी योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ऋण प्रदान करने के लिए बैंकर्स आगे आएं। इस वर्ष समूह की महिलाओं ने लगभग 102 करोड़ 40 हजार रूपए का बैंक लिंकेज किया है। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीमा की राशि भी प्राप्त होती है। जिससे हितग्राही के परिजनों को लाभ मिलता है।

उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार श्री रितेश पटेल ने कहा कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। आधार से जुड़े जनधन योजना के खातों में अच्छा कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के जनधन बैंक खाते खोले गये है और 5 लाख 27 हजार 952 बैंक खातों को आधार सिडिंग किया जा चुका है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत जिले में 4 लाख 13 लाख 523 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। वही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 8 लाख 61 हजार 682 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। आकांक्षी जिलों के कार्यों के मापदण्ड में जिले का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में प्रगति लाने की जरूरत है। जिले का साख जमा अनुपात 60 प्रतिशत है, जो 70 से 71 प्रतिशत होना चाहिए, इसमें बढ़ोत्तरी लाने की आवश्यकता है। रूपे कार्ड के उपयोग में प्रगति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों को रि-केवाईसी कार्य मिशन मोड में करना होगा तथा शासन की योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करने के कार्य में निजी बैंकों की भागीदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने बताया कि



प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत तरूण प्लस के तहत 20 लाख रूपए तक का ऋण दिया जा रहा है। यूपीआई के माध्यम से लघु उद्यम को बढ़ावा देने हेतु डिजिटल फुट प्रिंट देकर 34 हजार करोड़ रूपए तक का ऋण मध्यम एवं लघु उद्यमों को प्रदान किया गया है। उन्होंने जनसामान्य के लिए वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता लाने के लिए कहा।

सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि रूपे कार्ड को जरूर सक्रिय करें, इसमें आटोमेटिक बीमा होने के कारण बिना किसी प्रिमियम के लोगों को बीमा लाभ मिलता है। लीड बैंक मैनेजर श्री मुनीष शर्मा ने प्रधानमंत्री स्वनिधि बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के वितरण, अटल पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 हजार 161 प्रकरणों को बैंक से स्वीकृति मिली है। इस अवसर पर नाबार्ड के श्री मनोज नायक एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

# ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को लौटाया गया कीमती लैपटॉप और दस्तावेज

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स ) ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता और तत्परता के चलते एक यात्री का छुटा हुआ बैग, जिसमें एप्पल कंपनी का लैपटॉप (कीमत 1,20,000), महत्वपूर्ण दस्तावेज, एटीएम कार्ड और अन्य सामान था, सही-सलामत लौटा दिया गया।

**घटना का विवरण**

आज सुबह 10:45 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, नागपुर को रेल मदद नंबर 202522703407 के माध्यम से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12771 (सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस) के कोच नंबर स/4, सीट-40 पर एक यात्री का दो बैग (एक नीला और एक काला) छूट गया है। यात्री ने बताया कि नीले बैग में लैपटॉप और दस्तावेज थे, जबकि काले बैग में कपड़े और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं थीं।मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन और निरीक्षक तरूणा साहू (पोस्ट प्रभारी, राजनांदगांव) के नेतृत्व में अधिकारी के.



प्रसाद और प्र आ. आर. रैकवार द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। गाड़ी के राजनांदगांव आगमन (11:30 बजे) पर उक्त कोच में जाकर बैग को सुरक्षित बरामद किया गया। यात्रियों से पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त सीट पर बैठा एक युवक गोदिया स्टेशनपर उतरने के बाद वापस नहीं लौटा था।

**यात्री को सुरक्षित लौटाया गया सामान**

करीब 12:30 बजे एक व्यक्ति, निहाल ए. (24 वर्ष), निवासी नैचुर सिटी, बिलासपुर, थाना सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, आरपीएफ पोस्ट राजनांदगांव पहुंचा। उसने बताया कि वह पीएनआर नंबर 4835226942 के तहत सिकंदराबाद से रायपुर तक यात्रा कर रहा था और गोदिया स्टेशन पर नाश्ता लेने उतरा, लेकिन गाड़ी छूट गई। उसने तुरंत रेल मदद पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उसे राजनांदगांव से सूचना मिली कि उसका सामान सुरक्षित है। यात्री की पहचान आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों से सत्यापित की गई। जांच के बाद 13:00 बजे उपस्थित गवाहों के समक्ष उसका सामान उसे सुपुर्द कर दिया गया।

**यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल का जताया आभार**

महत्वपूर्ण दस्तावेज और कीमती लैपटॉप सुरक्षित वापस पाकर निहाल ए. ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) राजनांदगांव का आभार व्यक्त किया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे च्ऑपरेशन अमानतज्ज् के तहत इस प्रकार की कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ छुरिया में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** मां दन्तेश्वरी की पावन नगरी छुरिया में शिवालय मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ शिवभक्तों ने धूमधाम के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया । नगर में शिवभक्तों ने भगवान महाकाल की भव्य शोभायात्रा निकाली । इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए । इसके लिए सभी शिवालयों में भव्य तैयारियां की गई थी । महाशिवरात्रि पर्व होने के चलते मां दन्तेश्वरी नीचे मंदिर एवं नया तालाब, पुराना तालाब, राईस मिल, पुलिस थाना सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक से लेकर अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया । मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही । इस अवसर पर नगर में शिवभक्तों ने पुराने बस स्टैण्ड में शरबत का वितरण किया एवं रात्रि में महाप्रसादी भी रखा गया था । दूसरी ओर शिवभक्तों की टोलियों ने नगर में विशाल एवं भव्य महाकाल की यात्रा नगर भ्रमण करते हुए निश्चित समय पर समाप्त हुई । इस वर्ष शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी, डीजे धुमाल पर भक्तगण झूम उठे । वहीं नगर में महाशिवरात्रि के दिन अन्य स्थानों से पहुंचे अघोरियों ने आकर्षक प्रस्तुती देकर श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया ।

# श्यामा चांदो की सरपंच निर्वाचित हुई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरपंच चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशियों ने गांव में विजयी जुलूस निकाली गई इस बार सरपंच चुनाव में श्यामा रामप्रसाद यादव ग्राम पंचायत चांदो की सरपंच निर्वाचित हुई चांदो एवं उसके आश्रित ग्राम बंशी बंजारी को मिलाकर ग्राम पंचायत चांदो के सरपंच पद हेतु कुल छः प्रत्याशी थे । जिसमें बंशी बंजारी निवासी श्यामा रामप्रसाद यादव 120 वोटों से जीतकर ग्राम पंचायत चांदो की सरपंच निर्वाचित हुई। वार्ड नंबर 1 से लिलेश्वर देवांगन, 2 से भिनेंद्र साहू, 3 से पूनम उके, 4 से मिलन साहू, 5 से लता निषाद , 6 से पूजा वैष्णव, 7 से डोमिन बाई, 8 से खिलावन देवांगन, 9 से नीलम, 10 से मीरा बाई, 11 से उपी बाई एवं वार्ड नंबर 12 से सरोज कंवर वार्ड पंच पार्षद निर्वाचित हुई हैं ।



# राजू डागा ने महाकाल चौक में अपना जन्मदिन मनाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजू डागा 57 साल के जन्मदिन



के अवसर पर महाकाल चौक में जन्मदिन मनाया गया जिसमें राजा मखीजा, अमित खंडेलवाल, संजय तेजवानी, मुरली फ़गवानी, शरद अग्रवाल ,आलोक बिंदल ,अशोक पांडे, राजेश जैन, गप्पू सोनकर ,मामराज जी अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता सुरेश पंजवानी, चंद्रेश जैन विकास साहू ,राजेश गुप्ता, मनीष गौतम ,राकेश जोशी, शुभम उपाध्याय, मनोज देवांगन ,राजकुमार बाफ्ना, तरनदीप अरोरा, आदि शमिला थे।

# पुण्यतिथि पर शहीद संदीप यदु को दी गई पुष्पांजलि



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी के सपूत शहीद आरक्षक संदीप यदु को उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने 28 फरवरी 2014 को, दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी ब्लास्ट में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

हाट-बाजार स्थित शहीद प्रतिमास्थल पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहादत को सलामी देने जुटे लोगों ने अमरता के नारे लगाए। अपने बेटे-पति और पिता के सम्मान में लग रहे नारों के बीच परिजनों की आंखे झलक आईं। शहीद संदीप यदु की मां कुमारी बाई यदु ने अपने सपूत को याद करते हुए कहा कि, मेरा बेटा आज जहां से भी ये दृश्य देखता होगा तो उसे गर्व हो रहा होगा। आप सभी ने उसे पूरा सम्मान दिया है। संदीप हमारा गौरव है।

निर्वाचित पार्षद जैनम बैद ने बताया कि, वार्ड क्रं. 37, महावीर वार्ड के हाट-बाजार में शहीद प्रतिमा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद की माता मां कुमारी बाई यदु, पत्नी श्रीमती गिरजा यदु और दोनों बच्चे सृष्टि और प्रिंस मौजूद थे।

वहीं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा शामिल हुए। यहां बसंतपुर थाना से एसआई देवदास भारती, आरक्षक रामचंद साहू, नंदू भूतड़ा, बीसन अग्रवाल, प्रकाश बैद,मनोज बैद, मनीष गोलछा, आशीष चितलांग्या,गीतेश गुप्ता, बंसी साहू, राहुल ताम्रकार, भोला यादव, रूपेश यादव, राजू तवर,विजय राय, पार्षद केवरा राय,मधु बैद, पार्षद रानू जैन, पार्षद अरुण साहू, चिंटू सोनकर, उज्जवल लुंकड़,सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन और सैकड़ों वार्डवासी जुटे थे। भारत माता की आरती किए जाने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके उपरांत शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शहीद के सम्मान में उनकी माता को शॉल व श्रीफल भेंट किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि, हम शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना और सम्मान व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपने प्रियजन को देश के लिए खो दिया। संदीप यदु जी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा—उनकी वीरता की गाथा हमें सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# बसंतपुर पुलिस का सख्त अभियान: बाहरी मुसाफिरों व फेरीवालों की हो रही जांच

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए बसंतपुर पुलिस ने सख्त अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत बाहर से आए मुसाफिरों, फेरीवालों और किरायेदारों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की तस्दीक कर रही है। संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर उन्हें सीसीटीएनएस सिस्टम में जांचा जा रहा है। अब तक 15 मुसाफिरों और फेरीवालों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 32 संदिग्धों के फिंगरप्रिंट लेकर उनकी पहचान की पुष्टि की गई। इसके अलावा, होटल, ढाबों और फुटपाथ पर ठहरे लोगों की भी जांच हो रही है। अनावश्यक रूप से घूमने वाले और संदिग्ध फेरीवालों को उनके मूल स्थान भेजा जा रहा है। मकान मालिकों को भी किरायेदारों की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। बसंतपुर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




# मोहारा स्कूल मे न्यौता भोज कराया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास. प्राथमिक शाला मोहारा राजनांदगांव में श्री हरि राम साहू जी प्रधान पाठक द्वारा भतीजी शैलेंद्री साहू (रानू) की विवाह के अवसर पर न्यौता भोज के रूप मे लड्डू बाटा गया जिसे पाकर सभी बच्चें उत्साहित हुए । भोज कार्यक्रम पर सभी बच्चें और शाला परिवार मोहारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com